# काट गए सागौन के वृक्षों के दोषियों पर विभाग ने अब तक नहीं की कार्रवाई





**मंडला, देशबन्धु।** निजी भूमि में लगे वृक्षों को काटने की अनुमति स्थानीय निकायों को प्राप्त है पर राष्ट्रीयकृत वनोपज जैसे सागौन के वृक्षों को काटने की अनुमति का अधिकार कलेक्टर व एसडीएम के पास सुरक्षित है।

इसी नियम का पालन करते हुए पिछले दो माह में स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर झूला पुल के पास ग्राम पंचायत सकवाह के रामबाग में महेंद्र तेजा एवं दिलीप गौतम की निजी भूमि पर लगे दर्जनों सागौन के वृक्षों को ग्राम पंचायत की अनुमति से लकड़ी व्यापारी द्वारा काट दिया गया था जिसे अवैध मानते हुए राजस्व विभाग द्वारा जप्त कर लिया गया था। लेकिन विभाग द्वारा इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कटे वृक्षों को राजस्व विभाग द्वारा वन विभाग के सुपुर्द किया जाना चाहिए था। लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं जिसके चलते लकड़ी व्यापारी द्वारा पुन: कटे वृक्षों को ले जाने की नीयत से साइज बनाकर विगत दिवस काटा गया है।

घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शी द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों को दी गई फिर भी विभाग मौन है आखिर इस मामले पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है ।चर्चा प्राप्त है कि सेटअप है तगड़ा, इसलिए नहीं हो रहा कानूनी कार्रवाई, अब देखना होगा की इन कटे वृक्षों को संबंधित विभाग न्याय दिला पाएगा कि नहीं या मामला गोल-मोल कर दिया जाएगा

# धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान एवं पीएमजनमन योजनांतर्गत कंट्रोल रूम स्थापित

**मंडला, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान एवं पीएमजनमन योजनांतर्गत मण्डला जिले में 15 जून से 30 जून 2025 तक विशेष शिविर अभियान चलाया जा रहा है।

शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, पीएम किसान निधि, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग मण्डला में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसमें सहायक संचालक रंजीत गुप्ता को नोडल अधिकारी कैम्प का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार सहायक ग्रेड-2 सतीश चंद्रौल एवं सहायक ग्रेड-3 हेमलता झारिया को कंट्रोल रूम प्रभारी तथा ऑपरेटर हर्ष चंद्रौल को कंट्रोल रूम सहायक/ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई गई है, जिनको शिविर से संबंधित कोई समस्या हो कंट्रोल रूम से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज होंगे विविध आयोजन

**मण्डला, देशबन्धु।** संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैष्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है। वर्ष 2015 के संपूर्ण विश्व में योग के प्रति उत्साह भागीदारी देखी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउन्टडाउन एवं अन्य कार्यक्रम भी किये जाने हैं। सम्पूर्ण प्रदेश में जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया जाना है। इन कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों (स्कूल षिक्षा/उच्च षिक्षा/चिकित्सा शिक्षा/ तकनीकी षिक्षा/आयुष/ नर्सिंग/ पशु चिकित्सा/कृषि शिक्षा) पॉलेटेक्निक, आईटीआई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

**योग को दैनिक जीवन का हिस्सा**



**बनायें कलेक्टर-** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण प्रदेश में वृहद योग शिविर आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिले वासियों के नाम जारी संदेश में योग को अपनी दैनिक जीवन में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा है कि प्राचीन काल से योग भारतीय जीवन शैली का हिस्सा रहा है। विश्व योग दिवस पर इस वर्ष की थीम है कि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, यानी खुद के साथ समाज को भी स्वस्थ बनाना। हमें योग को सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन की आदत बनाना चाहिए।

## सार-समाचार

### थानों में बार कोड स्कैन कर दे सकेंगे फीडबैक

**मध्यप्रदेश पुलिस की नई पहल**

**मंडला, देशबन्धु।** जनता से सीधे संवाद, पारदर्शी पुलिसिंग को बढ़ावा देने एवं पुलिस सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु मंडला पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब जिले के सभी थानों में आने वाले आगन्तुक को यह सुविधा दी जा रही है कि वे पुलिसकर्मियों के व्यवहार एवं सेवाओं के संबंध में ऑनलाइन फीडबैक दे सकें। इस उद्देश्य से थानों में फ्त् कोड आधारित फीडबैक प्रणाली शुरू की गई है। थानों के प्रमुख और खुले स्थानों पर फ्त् कोड चस्पा किए जा रहे हैं, जिन्हें मोबाइल से स्कैन कर शिकायतकर्ता ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। यह फॉर्म एनआईसी पोर्टल के माध्यम से तैयार किया गया है, जिसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक के ई-मेल से जुड़ी रहेगी। पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह व्यवस्था समस्त जिलों में लागू की जा रही है ताकि नागरिकों के अनुभवों के आधार पर पुलिसिंग को और बेहतर बनाया जा सके।

मंडला पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे थानों में शिकायत दर्ज कराने के पश्चात फ्त् कोड स्कैन कर अपना फीडबैक अवश्य दें। आपका फीडबैक हमें यह जानने में मदद करेगा कि कहाँ सुधार की आवश्यकता है और कौन-से अधिकारी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। आपका एक सुझाव, पुलिस व्यवस्था को बेहतर बना सकता है।

### जिले में 30 मिमी औसत वर्षा की गई दर्ज

**मँडला, देशबन्धु।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 20 जून 2025 के दौरान 75.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 29.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 45.6 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है ।

### चौपाल में ग्रामीणों को मिली योजनाओं की जानकारी



**मँडला, देशबन्धु।** जिले के नक्सल प्रभावित बिछिया अनुविभाग के वनांचल क्षेत्र में प्रशासन आपके द्वार चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम धरमपुर में भी ग्रामीणों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभांवित करने के उद्देश्य से चौपाल लगाई गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में आयोजित इस पहल का लक्ष्य प्रशासन को सीधे ग्रामीणों के द्वार तक पहुंचाना है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ मिल सके।

बिछिया अनुविभाग की अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्रीमती सोनाली देव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों ने सीधे गांव में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही समस्याओं का निराकरण भी किया। श्रीमती सोनाली देव ने बताया कि नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायतों में ये कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण को सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

**76 आवेदन प्राप्त, कई का मौके पर ही निराकरण-** धरमपुर में आयोजित प्रशासन आपके द्वार चौपाल में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के संबंध में अपने आवेदन प्रस्तुत किए। कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें ई-केवाईसी के 4, प्रधानमंत्री आवास के 4, मनरेगा के 4, पेंशन के 4, स्वास्थ्य परीक्षण के 55, लाड़ली लक्ष्मी योजना के 2 और राजस्व विभाग के 3 आवेदन शामिल थे। ।

### कमला सोनी का निधन



**मंडला, देशबन्धु।** दिप्पू (दिलीप), मद्दू (कैलाश), किसनु (कृष्णचंद्र), विष्णु, राजेश, किक्की, मुन्ना सोनी की मां कमला सोनी धर्मपत्नी स्व. भीखम चंद सोनी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 21 जून को सुबह 10 बजे निज निवास सपना पान कॉर्नर के पास सिंहवाहिनी वार्ड मंडला से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# नगर परिषद बिछिया के उप चुनाव के लिए प्रेक्षक नियुक्त



**मंडला, देशबन्धु।** नगर परिषद बिछिया के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद पद के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) के लिये शैलेन्द्र कियावत, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) ई-2/287 अरेरा कॉलोनी भोपाल (म.प्र.) मोबाइल नम्बर 9424410098 को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार प्रेक्षक द्वारा मण्डला जिले में नगर परिषद बिछिया के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 के तहत प्रथम चरण में 22 जून 2025 से 26 जून 2025 तक तथा द्वितीय चरण में 6 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक पर्यवेक्षण किया जाना निर्धारित है।

म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मण्डला जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक के भ्रमण एवं पर्यवेक्षण के दौरान उन्हें जिले के नगर परिषद बिछिया के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 से संबंधी समस्त आवश्यक जानकारियाँ उपलब्ध कराने एवं उनके साथ भ्रमण के दौरान अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये अरविन्द विश्वकर्मा जिला परियोजना समन्वयक मण्डला (मो.नं. 9301201591) को संपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है।

संपर्क अधिकारी, प्रेक्षक के प्रवास के दौरान उनके ठहरने के स्थान में सम्पूर्ण व्यवस्था (जैसे कम्प्यूटर, नेट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं) करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रेक्षक के आगमन एवं जिले में भ्रमण के दौरान उनके कार्य सम्पादन हेतु (01) विशाल जांगजुड़े स्टेनोग्राफर (मो.नं. 9584654324) कार्या. संभागीय प्रबंधक मोहगांव परियोजना मण्डल, मण्डला को नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक के भ्रमण के दौरान संबंधित क्षेत्र के मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपरिषद बिछिया संपर्क अधिकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

# पहले सेमीफाइनल में बालाघाट-मंडला की होगी भिड़ंत

## दूसरे सेमीफाइनल में जबलपुर का छिंदवाड़ा से होगा मुकाबला

**मंडला, देशबन्धु।** स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में खेली जा रही दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को ग्रुप ए के आखिरी लीग मैच खेले गए। पहला मैच बुरहानपुर और बालाघाट के मध्य खेला गया। रिमझिम बारिश में हुए इस मैच में बालाघाट ने बुरहानपुर को 4- 0 से हराया। बालाघाट की तरफ से जगदीश, वैभव, रोहन और ओमी ने गोल किए। दूसरा मैच बैतूल और छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। इस मैच में मिहिर और दिलदार सिंह के गोल की मदद से छिंदवाड़ा ने बैतूल को दो शून्य से हरा दिया। इन दोनों मैच के साथ ही सेमीफाइनल की स्थिति भी साफ हो गई। ग्रुप ए की टॉप टीम बालाघाट का सेमीफाइनल में मुकाबला ग्रुप बी की सेकंड टॉपर मंडला से और ग्रुप बी के टॉपर जबलपुर का मुकाबला ग्रुप एक की सेकंड टॉपर छिंदवाड़ा से होगा। पहला मैच दोपहर 2रू00 बजे और दूसरा मैच शाम 4 बजे खेला जाएगा। आयोजन समिति के सचिव पंकज उसराठे ने खेल प्रेमियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। इस प्रतियोगिता में सतना के निखिल, शहडोल के राजपुरी, खरगोन के शिवम पाटीदार, जबलपुर के रोहित थापा, छिंदवाड़ा के राहुल, खरगोन के प्रतीक, शिवानी के मेहुल और सतना के अभय निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रतियोगिता के संरक्षक वेद प्रकाश कुलस्ते, जिला फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, सचिव अनिल सोनी, चंद्रेश खरे, पंकज उसराठे, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, बासु सिंधिया, प्रथम चौकसे, कुशल भवेदी सहित विभिन्न खेल प्रेमी उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

# रोटरी क्लब मंडला ने किया पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**मंडला, देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए रोटरी क्लब मंडला मेंकल द्वारा आज दिनांक 20 जून 2025, गुरुवार को सुबह 9 बजे सकरी आमानाला जबलपुर रोड स्थित क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए और उनका संरक्षण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब अध्यक्ष गीता कल्पीवार ने की, वहीं सचिव प्रसन्न सराफकी सक्रिय उपस्थिति भी विशेष रही।



इसके साथ ही क्लब के अन्य रोटेरियन सदस्यों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और पर्यावरण जागरूकता का संदेश आमजन तक पहुंचाया। अध्यक्ष गीता कल्पीवार ने अपने संबोधन में कहा कि ष्पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, और हम सभी का कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पृथ्वी को हरा-भरा और स्वस्थ बनाएं। सचिव प्रसन्न सराफ ने कहा कि रोटरी क्लब मंडला मेंकल सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है, और भविष्य में भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भी सहभागिता देखने को मिली, जिससे सामूहिक चेतना और जागरूकता को बल मिला। वृक्षारोपण के पश्चात पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी स्थानीय सदस्यों को सौंपी गई ताकि वे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। रोटरी क्लब के इस प्रयास की क्षेत्र में सराहना की जा रही है और यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है।

# मिशन शक्ति अंतर्गत बिछिया में जागरुकता कायक्रम आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम में 20 जून 2025 को परियोजना बिछिया जिला मण्डला के जनपद पंचायत के सभा कक्ष में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री प्रेरणा मर्सकोल प्रशासक वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मण्डला के द्वारा वन स्टॉप सेंटर में एक ही छत के नीचे दी जाने वाली सहायताओं से लोगों को अवगत कराया गया। साथ ही प्रशासक द्वारा लोगों को अवश्यक हेल्पलाईन 181 महिला हेल्पनाईन, चाइल्ड हेल्पलाईन नं. 1098, साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930 एवं इयल 100 के उपयोग के बारे में लोगों को बताया। साथ ही विधिक सेवा प्राधीकरण कार्यालय के टेलीफोन न. 07642-299078 एवं टोल फ्री नं 15100 की जानकारी लोगों के साथ साझा किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बिछिया परियोजना अधिकारी विनोद वाहने पर्यवेक्षक संध्या मरकाम एवं अंगवाडी कार्यकर्ता वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर सुश्री आशा नंदा, श्रीमति साक्षी पटवा उपस्थित रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण संबंधी कार्यशाला का आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभाग्रह में किया गया जिसमें अंतर-विभागीय बैठक में समस्त अधिकारी उपस्थित हुए। आदणीय सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण से सम्बंधित सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेकर तदानुसार संबंधित तैयारियां रखें।

नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर भी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी किये जाने, सभी संरचनाओं की सफाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग एक एवं दो, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज: जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास इंडोर स्टेडियम में

**मंडला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। जानकारी के अनुसार प्रतिभागी सुबह 6 बजे से पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6:10 बजे से 6:20 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम और माननीय जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन से होगी। इसके उपरांत सुबह 6:20 बजे से 6:30 बजे तक भोपाल से माननीय मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। तत्पश्चात सुबह 6:30 बजे से प्रात: 7 बजे तक विशाखापट्टनम से माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण होगा। सुबह 7 बजे से 7:45 बजे तक होने वाला सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास रहेगा, अंत में सुबह 7:50 बजे आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद मण्डला**

कमांक/रा.शा./2025/1193 मण्डला दिनांक 19/06/2025

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये निकाय दवारा समय-समय पर धार्मिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय , सामाजिक एवं अन्य त्यौहारों पर आवश्कतानुसार टेंट/विद्युत सामग्री संलग्न सूची अनुसार निम्नलिखित सामग्री किराये में लिये जाने हेतु फर्म/टेंट संचालकों/व्यक्ति पंजीकृत से ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य/सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_431938_1 दिनांक 19/06/2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु टेंट/टेंट सामग्रियों से संबंधित विदयुत सामग्री किराये पर लिये जाने हेतु | वित्तीय वर्ष 2025-26 राशि रू 1000000.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 20000.00 | 07/07/2025 |

नोटः-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मण्डला
मण्डला, दिनांक 30/07/2024


# निकाय उप चुनाव : बिछिया में की संपत्ति विरुपण की कार्रवाई

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय उपचुनावों की घोषणा के बाद, मंडला जिले के नगरीय निकाय बिछिया में चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बिछिया नगर निकाय क्षेत्र में संपत्ति विरूपण का सघन अभियान चलाया जा रहा है। नगरीय निकाय बिछिया में शासकीय परिसंपत्तियों से सभी प्रकार के पोस्टर, पम्पलेट, झंडे, बैनर और होर्डिंग्स हटा दिए गए हैं। यह कार्रवाई आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में की गई है।